हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

10 देव दियारी पर करनपुर में सजा लोककला का रंगारंग...



10 वन मंत्री ने दी पुसपाल में 11.18 करोड़ से अधिक...





## खबर संक्षेप

### रोहिंग्या को रोकने शिवसेना ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार



**जगदलपुर।** राज्य के कवर्धा, अंबिकापुर, सरगुजा, रायगढ़, मोहला मानपुर आदि क्षेत्र में रोहिंग्या मुसलमान बर्तन, गद्दा, कुकर बनवाई और प्लास्टिक के सामनों को बेचने के बहाने शहरी क्षेत्र के आसपास और ग्राम पंचायत क्षेत्र में घूम रहे है। वहीं अपने लोगों को बुला कर अपनी संख्या बढ़ा रहे है । ऐसे लोगों की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग शिव सेना ने मुख्यमंत्री से की है। इस संबंध में शिवसेना के जिलाध्यक्ष कुंदन सिहं पाटिल सहित शिवसैनिकों ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र अपर कलेक्टर सीपी बघेल को दिया है।

### बस्तर में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं : किरण देव



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने आज सुबह शहर के इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में निर्माणाधीन बैडमिंटन कोर्ट एवं टाउन हॉल के पीछे बाक्स क्रिकेट के कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर जल्द पूरा करने को कहा। वहीं श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाऊन हॉल के पीछे निर्माणाधीन बाक्स क्रिकेट के कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों व ठेकेदार को समय सीमा में कार्य को पूर्ण करने को कहा। किरण देव ने कहा, बस्तर में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस्तर के होनहार खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को निखारने के प्रयासों में कोई कमी नहीं की जाएगी। यह कार्य बस्तर के युवाओं के लिए बहुउपयोगी साबित होगा। इस दौरान रामाश्रय सिंह, गोविंद ईनाणी, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी, निगम के कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, अमर कश्यप व अन्य उपस्थित थे।

### पोटा केबिन की छात्रा की मौत, लापरवाही के आरोप

**बीजापुर।** जिले के भैरमगढ़ विकासखंड अंतर्गत कुटरु बालिका पोटा केबिन में अध्ययनरत 5वीं कक्षा की छात्रा पार्वती कोवासी की इलाज के दौरान मौत हो गई। छात्रा ने रायपुर स्थित एम्स अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद पोटा केबिन में बच्चों के स्वास्थ्य और व्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेष पेज 10 पर

## 7 उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी के मामले में 4.87 लाख का किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर संभाग के दो जिलों में विद्युत कंपनी के सतर्कता शाखा ने बिजली चोरी पर अभियान शुरू किया गया है। उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन की जांच की जा रही है। इसमें बस्तर एवं सुकमा जिले में 7 उपभोक्ताओं द्वारा बिजली चोरी करने के मामले मिली। इस पर लगभग 4.87 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है, जिसमें अवैध कनेक्शन, मीटरों से छेड़छाड़ और सीधे तार खींचकर बिजली का उपयोग करना शामिल था। जिससे बिजली विभाग को राजस्व का भारी नुकसान हुआ और अब इन पर बिजली अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। जुर्माना में से 5 आरोपी उपभोक्ताओं ने अब तक 2.35 लाख रुपए का भुगतान किया और शेष उपभोक्ताओं को नोटिस दिया जाएगा। उसके बाद भी जुर्माना का भुगतान नहीं होने पर पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराकर कोर्ट भेजा जाएगा। विद्युत कंपनी सतर्कता के कार्यपालन अभियंता अमर भगत ने बताया कि बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन का लगातार जांच की जा रही है। इसलिए उपभोक्ता विधिवत बिजली कनेक्शन लें, अन्यथा जुर्माना किया जाएगा।

### अवैध कनेक्शन, मीटरों से छेड़छाड़ और सीधे तार खींचकर ले रहे बिजली

बिजली चोरी रोकने विद्युत कंपनी के सतर्कता टीम कर रही कनेक्शन की जांच





#### अवैध कनेक्शन न लें

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू ने बिजली उपभोक्ताओं से कहा कि वे अवैध कनेक्शन न लें। अतिरिक्त लोड के लिए आवेदन करें और बिजली चोरी की सूचना दें, ताकि सभी को सही और निर्बाध बिजली मिल सके।

### सफलता : 16.50 लाख के मोबाइल विभिन्न राज्यों से किए गए ट्रेस

## 112 गुम मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

- साइबर सेल की कार्रवाई लोगों के चेहरे खिले

पुलिस ने साइबर सेल की मदद से गुम और चोरी हुए मोबाइल की बरामदगी में सफलता पाई है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 112 मोबाइल बरामद किए गए हैं, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 16.50 लाख रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई आम नागरिकों के लिए राहत और भरोसे का संदेश लेकर आई है।

यह विशेष अभियान एसपी किरण चव्हाण के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह एवं अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाया गया। साइबर सेल की उप पुलिस अधीक्षक मोनिका श्याम के



पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी प्रमोद कश्यप के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। बताया गया कि चार राज्यों तक फैला था मोबाइल ट्रेसिंग नेटवर्क। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल नंबर और आईएमईआई के तकनीकी विश्लेषण के आधार पर मोबाइल ट्रेस किए। बरामद मोबाइल केवल छत्तीसगढ़ से ही नहीं, बल्कि ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश के विभिन्न इलाकों से खोज कर जब्त किए गए। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल अपने कब्जे में लिए।

#### मालिकों के चेहरे पर दिखी मुस्कान

सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बरामद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर नागरिकों के चेहरों पर खुशी नजर आई। मोबाइल धारकों ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए सुकमा पुलिस और साइबर सेल का आभार जताया। इस सफल अभियान में प्रधान आरक्षक महेंद्र बहादुर कंवर, सायम नरेया, आरक्षक नेपाल दिवाकर, मीना गवड़े, रूपेश यादव, तीलाराम पटेल सहित साइबर सेल की पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

#### तुरंत थाने में कराएं रिपोर्ट

पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तुरंत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं और सीईआईआर पोर्टल पर जानकारी साझा करें, ताकि शीघ्र बरामदगी संभव हो सके।

## साक्ष्य मिलने पर लक्ष्मी गणेश राइस मिल सील



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- धान के साथ पिकअप बरामद
- धान की रीसाइक्लिंग पर प्रशासन की कड़ी कार्यवाही

धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अवैध रीसाइक्लिंग पर बकावंड में कड़ी कार्रवाई की गई है। क्षेत्र के लक्ष्मी गणेश राइस मिल मूली से धान की रीसाइक्लिंग किए जाने की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने मिल



की गहन जांच की, जिसमें अनियमितताओं की पुष्टि होने पर मिल को सील कर दिया गया है। पूरी कार्रवाई कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार की गई। इस पूरी कार्रवाई की जानकारी देते हुए बकावंड के अनुविभागीय दंडाधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि जांच दल ने जब मिल के दस्तावेजों को खंगाला, शेष पेज 10 पर

## बैंक क्रेडिट कार्ड कंपनी वापस अदा करेगी अविधिक रूप से आहरित राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में एसबीआई कार्ड और पेमेंट सर्विस लिमिटेड हरियाणा द्वारा आवेदक को अविधिक रूप से आहरित राशि 81 हजार 288 रुपए एवं मानसिक पीड़ा के लिए10 हजार रुपए अदा करेगी। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने पारित किया।




न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी सुलेमान नायक द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जगदलपुर तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जगदलपुर की मुख्य शाखा में दो विभिन्न खाते संचालित किये जा रहे थे। आवेदक को सेंट्रल बैंक आफ इंडिया द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से एसबीआई कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। आवेदक के मोबाइल नंबर पर एक कॉल आने से जिसमें एक मैसेज लिंक सहित होने के कारण आवेदक शेष पेज 10 पर

## विदेशी मदिरा दुकान में राशि का गबन, आरोपी गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बचेली।** विगत दिनों विदेशी मदिरा दूकान बचेली में करोड़ों रूपए के हेराफेरी के सनसनीखेज खुलासे के बाद 26 नवम्बर को जिला आबकारी अधिकारी के द्वारा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। जिसके अनुसार 25 नवम्बर को विदेशी कंपोजिट मदिरा दुकान, बचेली का आकस्मिक निरीक्षण करने पर स्टॉक, केश शार्टेज राशि लगभग डेढ़ करोड़ पाया गया था। शिकायत में मुख्य विक्रयकर्ताओं एवं दुकान प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक के द्वारा उक्त राशि को हेराफेरी कर गबन करना बताया गया था। रिपोर्ट पर थाना बचेली




में अपराध क्रमांक 49/2025 धारा 316(5), 336(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। थाना प्रभारी बचेली शेष पेज 10 पर

### बाइक आपस में भिड़ने व जानवर के आने से सवार हुए थे घायल

## सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की ट्रैफिक पुलिस ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- हाईवे पेट्रोलिंग व यातायात एएसआई ने देशी जुगाड़ कर घायलों को पहुंचाया अस्पताल

नए साल के आगमन के साथ ही सड़क हादसों में ईजाफा देखा जा रहा है। बीते दो दिन में बाइक के आपस में टकराने व जानवर के अचानक आन जाने से हुए दुर्घटना में सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मौके पर पहुंचे यातायात अमले द्वारा तत्काल देशी जुगाड़ कर अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक पहला सड़क हादसा चित्रकोट मार्ग में हुआ। यहां तेज रफ्तार दो बाईक आपस शेष पेज 10 पर





#### हाईवे पेट्रोलिंग ने किया प्राथमिक उपचार

एक अन्य सड़क हादसा सोमवार रात की है आसना जंगल के करीब अचानक जानवर के आ जाने से बाइक से आ रहा युवक टकराकर गिर गया और उसे गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी लगते ही हाईवे पेट्रोलिंग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर ही घायल युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद इलाज के लिए महारानी अस्पताल लेकर गए। ट्रैफिक पुलिस की मदद से दोनो हादसों में घायलों को समय पर उपचार मिलने से उनकी जान बचाई जा सकी।



## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में नूपुर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



कोण्डागांव। समयसीमा बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की मांगों एवं समस्याओं को सुना। इस दौरान प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सोनाबाल के विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र का किया शैक्षणिक भ्रमण



**कोण्डागांव**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनाबाल के व्यावसायिक कृषि विषय के विद्यार्थियों ने 5 जनवरी को नेशनल स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, बोरगांव का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर एवं भविष्य में करियर निर्माण के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. सुरेश कुमार मरकाम तथा वैज्ञानिक डॉ. प्रिया सिन्हा ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। शैक्षणिक भ्रमण में सोनाबाल स्कूल के प्राचार्य यजेंद्र नाथ मांझी, व्यावसायिक प्रशिक्षक खेम कुमार पाण्डेय, तुलसी साहू, श्रीमती उषा यादव सहित अन्य शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

### 5.13 लाख रुपए का 675 बोरी धान जब्त

**कोण्डागांव**। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025 के अंतर्गत धान खरीदी के दौरान अवैध परिवहन एवं भण्डारण पर जिलेभर में सख्त निगरानी रखी जा रही है। केशकाल विकासखंड अंतर्गत विश्रामपुरी मछली मार्ग के पास खाद्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान परिवहन के एक प्रकरण में बड़ी कार्रवाई की गई। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी रा. केशकाल सुश्री आकांक्षा नायक के निर्देशन में की गई जांच के दौरान रोशन ट्रेडर्स बोराई नगरी प्रॉपराइटर पदम भंसाली द्वारा बिना वैध अनुज्ञा के 675 बोरी धान का परिवहन किया जा रहा था। अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे धान की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख 13 हजार रुपये आंकी गई है। धान को वाहन सहित जप्त कर विश्रामपुरी थाना में सुपुर्द किया गया है। प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी के दौरान अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# देव दियारी पर करनपुर में सजा लोककला का रंगारंग मंच

## युवा समिति के आयोजन में राज्यस्तरीय कलाकारों सहित स्थानीय प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत करनपुर के नयापारा में देव दियारी पर्व के शुभ अवसर पर युवा समिति के तत्वावधान में 4 जनवरी को भव्य रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक आस्था, लोकसंस्कृति और मनोरंजन का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्यस्तरीय आमंत्रित कलाकारों के साथ–साथ स्थानीय एवं नन्हे बाल लोक कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हल्बी, गोंडी, देशभक्ति गीतों और पारंपरिक नृत्यों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

### स्थानीय कलाकारों ने बढ़ाया कार्यक्रम का आकर्षण

कोंडागांव के उभरते युवा लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत स्वरचित गीत लंदा बीतीन बाई, मामा चो बेटी, हल्बी एवं गोंडी गीतों के साथ देशभक्ति और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। आयोजक युवा समिति के अध्यक्ष जंगलू राम कश्यप ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से ग्रामीण अंचलों में मनोरंजन के साथ–साथ स्थानीय कला, संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण होता है, जिससे नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ती है।



### ये रहे विजेता

सामूहिक वर्ग में उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए लोककला मंच पुरवइया डांस ग्रुप, विश्रामपुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 11,500 का पुरस्कार जीता। एकता डांस ग्रुप, चित्रकोट लोहंडीगुड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 7,500 का पुरस्कार हासिल किया। किरन के मया डांस ग्रुप, भानपुरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। युगल वर्ग में मया मा दिवाना डांस ग्रुप, कोंडागांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं एकल नृत्य वर्ग में बिंदु सोरी ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया।

### इनकी रही उपस्थिति

*कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामचन्द्र कश्यप भाजपा जिला महामंत्री, सुश्री महादई कश्यप सरपंच करनपुर, फरसू राम नेताम जनपद सदस्य सहित शिक्षक, समाजसेवी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की संख्या में जनसमुदाय उमड़ा, जिससे आयोजन ऐतिहासिक बन गया। देव दियारी के इस सांस्कृतिक आयोजन ने करनपुर को लोककला और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत केंद्र बना दिया।*

## आयोजन: 10 निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन, ग्रामीण अधोसंरचना को मिलेगी मजबूती

# वन मंत्री ने दी पुसपाल में 11.18 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

## ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं सरकार की प्राथमिकता:कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मर्दापाल तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पुसपाल में मंगलवार को वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री केदार कश्यप ने 11 करोड़ 18 लाख 21 हजार रुपये की लागत से प्रस्तावित 10 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। ये कार्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और जनसुविधाओं के विस्तार में अहम भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है। सरकार की पहली प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर जोर है। मंत्री श्री कश्यप ने बस्तर पंडूम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आयोजन आदिवासी कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि परंपराएं सुरक्षित रहेंगी तो प्रकृति और पहचान भी सुरक्षित रहेगी।






### मतदाता सूची अद्यतन में सहभागिता की अपील–

इस अवसर पर मंत्री ने निर्वाचन विभाग द्वारा संचालित एसआईआर के द्वितीय चरण की जानकारी देते हुए कहा कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम ने कहा कि शासन द्वारा स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण, महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता, गरीब परिवारों को निःशुल्क राशन तथा जनसमस्याओं के समाधान हेतु समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### विकास कार्य प्रदेश की प्रगति का प्रमाण : जिपं सदस्य

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और पुसपाल में हुए भूमिपूजन इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

# धान उठाव में तेजी लाएं समयसीमा में कार्यों को पूर्ण करें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- नए वर्ष की पहली समयसीमा बैठक आयोजित
- समयबद्ध डाटा एंट्री पर जोर

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विभिन्न निर्माण कार्योंर् की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए नए उत्साह एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में संचालित धान खरीदी की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रहनी चाहिए। उन्होंने धान उठाव में तेजी लाने हेतु जिला विपणन अधिकारी डीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीडीएस बारदाने के शत–प्रतिशत संग्रहण पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### शासकीय कार्यालयों में डिजिटल कार्यप्रणाली लागू

कलेक्टर ने बताया कि 1 जनवरी से जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में डिजिटल कार्यप्रणाली लागू हो चुकी है। उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करने तथा ई–ऑफिस के माध्यम से ही कार्यालयीन कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। राज्य शासन द्वारा योजनाओं की सतत निगरानी एवं मूल्यांकन हेतु बनाए गए अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में समयबद्ध एवं सही डाटा एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2025–26 के लिए आवेदन तिथि बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- अब 15 जनवरी 2026 तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

शिक्षा सत्र 2025–26 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाने वाली पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। राज्य के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नसिंर्ग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई सहित अन्य मान्यता प्राप्त संस्थानों में अध्ययनरत पात्र छात्र अब 15 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीयन कर सकते हैं।

छात्रवृत्ति का ऑनलाइन आवेदन, स्वीकृति एवं भुगतान की संपूर्ण प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, संस्था द्वारा प्रस्ताव लॉक कर भेजने की अंतिम तिथि 05 फरवरी 2026, शासकीय संस्थाध्जिला कार्यालय द्वारा स्वीकृति आदेश लॉक 8 फरवरी जिला कार्यालय द्वारा भुगतान के लिए राज्य कार्यालय प्रेषण 10 फरवरी, छात्रवृत्ति राशि जारी करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के पालक की वार्षिक आय सीमा 2.50 लाख रुपये, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 1 लाख रुपये निर्धारित की गई है।

### सीधे खाते में मिलेगी छात्रवृत्ति राशि

छात्रवृत्ति की राशि पीएफएमएस के माध्यम से विद्यार्थियों के आधार से जुड़े सक्रिय बैंक खाते में सीधे अंतरित की जाएगी, इसलिए बैंक खाता विवरण एवं आधार सीडिंग सही होना आवश्यक है। शिक्षा सत्र 2025–26 से सभी संस्थाओं का जियो टैगिंग अनिवार्य किया गया है। जियो टैगिंग नहीं होने पर संबंधित संस्था के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिलेगा। साथ ही एनएसपी पोर्टल पर ओटीआर कराना भी अनिवार्य होगा। वर्ष 2025–26 से नवीन संस्थाओं के संस्था प्रमुख एवं छात्रवृत्ति प्रभारी का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है।

# संगठन विस्तार की पहल कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बड़ेडोंगर

भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नागेश देवांगन ने युवा जोहार कार्यक्रम के तहत मंडल दौरे की शुरुआत बड़ेडोंगर स्थित मां दंतेश्वरीका आशीर्वाद लेकर किया। उनके इस दौरे का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, जिला कार्यकारिणी एवं मंडल विस्तार को गति देना बताया गया। मंडल दौरे के क्रम में प्रथम बैठक बड़ेडोंगर मंडल में मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई, जबकि द्वितीय बैठक फरसगांव मंडल के युवा मोर्चा कार्यालय में संपन्न हुई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचने पर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान आतिशबाजी और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया गया। बैठकों के दौरान नागेश देवांगन ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से सीधे संवाद कर भाजपा की रीति-नीति और विचारधारा से नए युवाओं को जोड़ने की अपील की तथा अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी का सदस्य बनाने के लिए सक्रिय अभियान चलाने का आह्वान किया। युवा जोहार कार्यक्रम के माध्यम से जिलेभर में मंडल स्तर पर दौरा कर युवाओं से मुलाकात, संगठन विस्तार और सक्रिय सहभागिता बढ़ाने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है।

# विधायक लता उसेंडी ने गिरोला स्कूल में 31 छात्रओं को सायकल वितरित की

**कोण्डागांव**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरोला में मंगलवार को सायकल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंतर्गत शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत विद्यालय की कुल 31 पात्र छात्रओं को निःशुल्क सायकलें वितरित की गईं, जिससे दूर–दराज क्षेत्रें से आने वाली छात्रओं को विद्यालय आने–जाने में सुविधा मिलेगी। विधायक सुश्री उसेंडी ने छात्रओं को नियमित अध्ययन करने, समय का पालन करने तथा सायकल का सुरक्षित उपयोग रने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सायकल मिलने से छात्रओं की उपस्थिति बढ़ेगी और शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

***जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकगण रहे उपस्थित*** *– इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, जनपद सदस्य अनिल कोर्राम, धनजू मरकाम, महेंद्र पांडे, दिलीप दीवान, भुवनेश्वरी शोरी, रघुराम दीवान, संतोष पात्र, डीलेश्वर दीवान, जितेन्द्र दीवान, आलोक शार्दुल एवं रोहित दीवान सहित विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।*

## पेज 9 के शेष

### साक्ष्य मिलने पर...

तो कांटा पंजी में वाहन क्रमांक सीजी 17 केटी 0804 को धान सहित तौलने के स्पष्ट साक्ष्य प्राप्त हुए। दस्तावेजों में मिली यह जानकारी मिल से धान रीसाइकिल किए जाने की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त थी। जांच के दौरान राइस मिल के पार्टनर अमित गुप्ता मौके पर उपस्थित थे। नियमों के उल्लंघन और साक्ष्य मिलने के बाद प्रशासन द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए अग्रिम जांच तक मिल में भंडारित 3000 क्विंटल धान और 870 क्विंटल चावल के साथ राइस मिल को सील कर दिया गया है। प्रशासन की यह कार्रवाई केवल मिल परिसर तक ही सीमित नहीं रही। जांच में जिस वाहन क्रमांक सीजी 17 केटी 0804 का उल्लेख मिला था, उसे ग्राम मूली में रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर वहां से तौल पत्रक की प्रति भी बरामद हुई, जो इस अवैध गतिविधि का पुख्ता प्रमाण था। अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 27.60 क्विंटल धान के साथ उक्त वाहन को जब्त कर बकावंड थाना के सुपुर्द कर दिया गया है।

### बैंक क्रेडिट कार्ड...

द्वारा फोन काटते समय त्रुटिवश लिंक दब जाने से परिवादी के क्रेडिट कार्ड से अविधिक रूप से 81 हजार 288 रुपए की कटौती कर ली गई थी। इस संबंध में आवेदक द्वारा तत्काल सेंट्रल बैंक आफ इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और एसबीआई कार्ड और पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड को तत्काल सूचना प्रदान कर साइबर सेल में भी शिकायत की गई थी। एसबीआई कार्ड और पेमेंट सर्विस लिमिटेड द्वारा आवेदक के स्वयं संव्यव्हार करने एवं ओटीपी प्रेषित करने का कथन कर तथा प्रकरण आर्बिट्रेटर के माध्यम से निराकृत किए जाने के कारण आयोग को सुनवाई का क्षेत्राधिकार नहीं होने का कथन किया गया था।
मानसिक पीड़ा हुई, 10 हजार दें-जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि प्रकरण में आर्बिट्रेशन का एकपक्षीय अवार्ड आवेदक द्वारा जिला आयोग के समक्ष शिकायत पेश किए जाने के बाद प्रस्तुत किया गया है। उक्त संव्यव्हार आवेदक द्वारा किया गया है यह एसबीआई कार्ड साक्ष्य या दस्तावेज से प्रमाणित करने में असफल रहा है। आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा के लिए 10 हजार रूपए पृथक से अदा किए जाने का आदेश पारित किया गया है।

### विदेशी मदिरा दुकान...

निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में विवेचना के दौरान पूर्व में 5 आरोपियो दीपक यादव, के.चन्द्रशेखर देवेन्द्र पैकरा, आबकारी उप निरीक्षक अजय शर्मा एवं अंकित तिवारी को गिरफतार कर जेल भेजा गया था। प्रकरण के नामजद आरोपी राकेश उईके फरार था जो गिरफ्तारी के डर से इधर-उधर लूक छिप रहा था जिसकी पता तलाश के लिये लगातार पुलिस टीम को जिला कोण्डागांव व गीदम भेजा जा रहा था। मुखबीर की सूचना पर 6 जनवरी को आरोपी राकेश उईके को हिरासत में लेकर पूछताछ कर 1 मोबाइल, 2 बैंक पासबुक जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान बचेली से अधिक पैसा कमाने के लालच में माह अप्रैल 2024 से शराब ब्रिकी की राशि को अपने क्यूआर, फोन पे, गुगल पे के माध्यम से डलवाकर तथा स्टॉक पंजी में राशि बढ़ा चढ़ाकर एन्ट्री कर कुल 1 करोड़ 52 लाख 47 हजार 774 रुपए का हेराफेरी कर राशि गबन करना पाये जाने से 6 जनवरी को गिरफतार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय बचेली के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जिला जेल दंतेवाड़ा भेजा गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव थाना प्रभारी, उप निरीक्षक रूपेश नारंग, आरक्षक डमरूधर कश्यप तथा आरक्षक गजेन्द्र ध्रुव शामिल थे।

### सड़क दुर्घटनाओं...

में टकरा गई जिससे एक बाइक में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके दोनों पैर फैक्चर हो गए थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे यातायात एएसआई यतेन्द्र देवांगन हादसा देख कर रूके। हादसे में घायल युवक दर्द से कराह रहा था और उसके पैर हिलडुल नहीं रहे थे। एएसआई देवांगन ने तत्काल आसपास के ग्रामीणों की मदद से बांस मंगवाया और घायल युवक के पैरों को बांस की कमची के सहारे बाधंकर सीधा किया। इसके बाद 112 की टीम को बुलाकर उसे तत्काल उपचार के लिए लोहण्डीगुड़ा अस्पताल रवाना किया गया। समय से देशी जुगाड़ करने से घायल का दर्द कम हुआ और उसे स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया जा सका।

### पोटा केबिन की...

पार्वती कोवासी लंबे समय से बीमार थी। डॉक्टरों के अनुसार छात्रा को ब्रेन ट्यूमर होने की आशंका जताई गई थी। डॉक्टरों का कहना है कि यह कोई सामान्य बीमारी नहीं थी और बच्ची काफी समय से इसके लक्षणों से ग्रसित थी। बावजूद इसके, समय रहते समुचित इलाज और उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाई। परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि छात्रा की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति को पोटा केबिन की अधीक्षिका ममता दुर्गम ने गंभीरता से नहीं लिया। आरोप है कि यदि समय पर उचित कदम उठाए जाते और छात्रा को पहले ही बड़े अस्पताल में रेफर किया जाता, तो उसकी जान बचाई जा सकती थी।
**बीमारी व मौत के मामले लगातार आ रहे सामने-** गौरतलब है कि बीजापुर जिले के विभिन्न पोटा केबिनों में पिछले कुछ समय से बच्चों की बीमारियों और मौतों के मामले सामने आते रहे हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य सुविधाओं, नियमित जांच और निगरानी व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है। इस घटना ने प्रशासनिक उदासीनता और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चल रही व्यवस्थाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले की जांच की बात कही जा रही है। वहीं, ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने दोषियों पर कार्रवाई और पोटा केबिनों में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

## चौक–चौराहों पर जनसंवाद, रंगोली व निबंध सहित अन्य प्रतियोगिताएं होंगी

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- शहर में निकाली गई बाइक हेलमेट रैली
- लोगों में जागरुकता बढ़ाने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से किया गया

सामान्य जनमानस में यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का शुभारंभ आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय से किया गया। इस अवसर पर यातायात नियमों के पालन का संदेश देते हुए बाइक हेलमेट रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव पंकज चन्द्रा के मार्गदर्शन में किया गया। उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती स्निग्धा सलामे रा.पु.से. द्वारा हरी झंडी दिखाकर बाइक हेलमेट रैली को रवाना किया गया। रैली के माध्यम से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने एवं सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल, उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव, उप पुलिस अधीक्षक के.पी. मरकाम सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बाइक हेलमेट रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर रायपुर नाका, जय स्तंभ चौक, बस स्टैंड, बांधा तालाब, मर्दापाल चौक होते हुए पुलिस लाइन चिखलपुटी में संपन्न हुई। रैली के दौरान यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित एवं नियंत्रित गति से वाहन चलाने तथा अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने का संदेश दिया गया।





### पूरे माह चलेंगे जन-जागरुकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जिले भर में पूरे माह विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें प्रमुख रूप से स्कूल एवं कॉलेजों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम चौक–चौराहों पर जनसंवाद एवं हेलमेट रैली रंगोली, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं लर्निंग लाइसेंस कैंप वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। इन सभी कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति सजग एवं जागरूक बनाना तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि सुरक्षित सड़क और सुरक्षित जीवन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक



**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के एसआई कार्यक्रम के तहत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रति सप्ताह बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि दावा आपत्ति की प्रक्रिया से समय-समय पर अवगत कराया जा सके। उक्त निर्देशों के परिपालन में आयोजित बैठक के दौरान उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को साप्ताहिक दावा आपत्ति की स्थिति की जानकारी दी गई। साथ ही प्रारूप 9, 10, 11, 11। एवं 11 की हार्ड कॉपी भी उपलब्ध कराई गई। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं के संबंध में ईआरओ, एईआरओ, एएईआरओ द्वारा नोटिस जनरेट कराए गए हैं, जिन्हें बीएलओ के माध्यम से संबंधित मतदाताओं को वितरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, निर्धारित सुनवाई की तिथियों के संबंध में भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया, ताकि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर सकें। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा,एसडीएम लोकांश एल्मा, तहसीलदार सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### यूथ हब लाभार्थियों को ऋण वितरण



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन द्वारा युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु सामाजिक निवेश नेटवर्क रंग दे के साथ की गई साझेदारी के अंतर्गत आज यूथ हब कार्यक्रम के लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया। इस पहल के तहत आठ युवा उद्यमियों को 50 हजार की ऋण राशि स्वीकृत की गई। संयुक्त जिला कार्यालय में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा चयनित युवाओं एवं महिलाओं को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान करते हुए राशि का वितरण किया गया। यूथ हब कार्यक्रम का संचालन गीदम एवं दंतेवाड़ा विकास खंडों में लाइवलीहुड कॉलेज द्वारा किया जा रहा है, जिसे क्लस्टर लेवल फेडरेशन के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है।

## निधन

### मालती मिश्रा



**जगदलपुर।** भगतसिंह वार्ड निवासिनी मालती मिश्रा (82 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। सेवानिवृत्त एडीआईएस स्व. श्रीनिवास मिश्रा की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र मिश्रा की माता कुछ समय से अस्वस्थ थीं।

वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंत्येष्टि आज स्थानीय खड़गघाट में की गई। जिसमें परिजन, समाज के लोग, पत्रकार एवं शहरवासी शामिल थे।

# 18 करोड़ का चावल बर्बाद, जनता की सेहत से खिलवाड़ : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा

■ गीदम वेयरहाउस घोटाले पर विधायक का हमला



दंतेवाड़ा जिला के गीदम वेयरहाउस से सामने आया मामला केवल लापरवाही नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य से सीधा खिलवाड़ और गरीबों के हक पर डाका है। लगभग 18 करोड़ रुपये मूल्य का चावल जांच में खाने योग्य नहीं पाया गया, वहीं 30 हजार क्विंटल चावल पीडीएस आपूर्ति से संबंधित बताया जा रहा है। इस गंभीर मामले को लेकर विधायक लखेश्वर बघेल ने खाद्य मंत्री दयालदास बघेल को पत्र लिखकर प्रदेश के सभी शासकीय गोदामों एवं वेयरहाउस में संग्रहित चावल की तत्काल जांच, सत्यापन और वैज्ञानिक परीक्षण की मांग की है। विधायक ने तीखे शब्दों में कहा कि जो चावल जांच में खाने योग्य नहीं पाया गया, उसे मशीन से साफ कर दोबारा वितरण करने की सोच जनता के स्वास्थ्य के साथ सीधा अपराध है। यह गरीब, आदिवासी और बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी अमानक चना और गुड़ का वितरण तथा मध्याह्न भोजन योजना में घटिया चावल दिए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। आज वही लापरवाही गीदम वेयरहाउस में उजागर हुई है, जो बताती है कि यह समस्या केवल एक जिले तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे बस्तर संभाग में फैली गंभीर व्यवस्था-जनित विफलता है। उन्होंने कहा कि जगदलपुर विधानसभा अंतर्गत गारावंड वेयरहाउस एवं बस्तर दशहरा जैसे ऐतिहासिक आयोजन के लिए प्रदाय चावल के अमानक पाए जाने की खबरें पहले ही व्यवस्था की पोल खोल चुकी हैं।

लखेश्वर बघेल ने सरकार से साफ शब्दों में मांग की है कि प्रदेशभर के सभी वेयरहाउस व शासकीय गोदामों में रखे चावल की स्वतंत्र, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराई जाए। अमानक, सड़ा-गला और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक चावल का वितरण तुरंत रोका जाए, दोषी अधिकारियों, ठेकेदारों और एजेंसियों पर कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि पीडीएस हितग्राहियों, स्कूली बच्चों और आम जनता के स्वास्थ्य से कोई समझौता न हो।

उन्होंने कहा कि अगर गरीबों को सड़ा-गला चावल खिलाने की कोशिश हुई, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। सड़क से सदन तक संघर्ष होगा। कांग्रेस पार्टी जनहित, जनस्वास्थ्य और गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ताकत से आवाज उठाती रहेगी।

## मनरेगा से बेहतर, अधिक प्रभावी और पारदर्शी है विकसित भारत जीरामजी अधिनियम : अटामी

# यह अधिनियम गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलेगा : वेंकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा




भाजपा जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने

■ ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी

याद दिलाया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं।उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। वेंकट ने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी, जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। इससे मजदूरों को न्याय मिलेगा और भुगतान में देरी जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियां प्रभावित न हों। इससे ग्रामीण पलायन भी रुकेगा और कृषि उत्पादन को स्थिरता मिलेगी।

इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष नविन विश्वकर्मा, जिला महामंत्री सत्यजीत चौहान, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, कमला विनय नाग, जिला कोषाध्यक्ष मनीष सुराना, नगरपालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जिला प्रवक्ता दीपक बाजपेयी, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर, एसटी मोर्चा प्रदेश मंत्री रामु नेताम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी, एस टी मोर्चा जिलाध्यक्ष पिसे वट्टी, विधायक प्रतिनिधि राजेश, रुपन मंडल, राजेश बोरबन, भावना परघनीया, प्रियंका बेहरा, नितेश कुमार, राहुल सोनवानी, चेतन ठाकुर समेत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पारदर्शिता बढ़ेगी और मजदूरों को सीधे लाभ मिलेगा

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि मनरेगा में पहले फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के उपयोग और धांधली की शिकायतें मिलती थीं, जिन्हें यह नया अधिनियम स्वतः समाप्त करेगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को सीधे लाभ मिलेगा। यह अधिनियम ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाएगा जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन। जल संरक्षण, नदी-नालों के सुधार, कटाव रोकने तथा सिंचाई संरचनाओं के विकास जैसे कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीण स्तर पर रोजगार एवं सतत आय के नए अवसर सृजित होंगे और पीएम गति शक्ति जैसी राष्ट्रीय योजनाओं को भी इससे बल मिलेगा। यह अधिनियम गांवों में टिकाऊ विकास, स्थायी रोजगार और समृद्धि का नया अध्याय लिखेगा।

# शाउमावि मावलीभाटा की 25 छात्राएं साइकिल पाकर हुईं खुश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोकापाल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मावलीभाटा विकासखंड तोकापाल में चित्रकोट विधानसभा विधायक विनायक गोयल ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वी के छात्राओं को साइकिल वितरित किया।

संस्था के इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्कूली छात्र-छात्राओं तथा स्टॉफ के द्वारा विधायक का तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया गया। मंच पर मां सरस्वती के छायाचित्र में तिलक, पुष्पमाला व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का गणेश किया। विधायक का स्वागत संस्था के प्राचार्य संजय कुमार वर्मा एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी पूनम सलाम एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा ने किया। मंचासीन जनपद अध्यक्ष रामबती भंडारी एवं उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी समस्त जनप्रतिनिधियों, सरपंच मावलीभाटा व अधिकारियों का पुष्प गुच्छ व माला पहनाकर समस्त स्टाफ ने स्वागत किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत व आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इसके पश्चात विधायक के द्वारा सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा सरस्वती सायकल योजना की महत्वता की जानकारी दी गई। विधायक एवं अन्य प्रतिनिधियों ने पौधरोपण भी किया। अंत में शासन की महत्वपूर्ण योजना सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं के कुल 25 छात्राओं को साइकिल का वितरण विधायक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन निर्मल यादव ने किया। मंच संचालन संतोष कोर्राम ने किया।

कार्यक्रम में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी तरुण ठाकुर, संकुल समन्वयक पवन बहादुर एवं स्टाफ की उपस्थिति रही।

# ब्लॉकवार छग बचाओ पदयात्रा को लेकर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्टा

आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा प्रस्तावित ब्लॉकवार छत्तीसगढ़ बचाओ पद यात्रा को लेकर सोमवार के सुकमा कोण्टा ब्लॉक मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सुकमा जिला अध्यक्ष सुरेश कवासी की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

बैठक में आगामी 11 जनवरी 2026 से प्रारंभ होने वाली ब्लॉकवार छत्तीसगढ़ बचाओ पद यात्रा की रूपरेखा, ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम की तैयारियाँ, संगठनात्मक जिम्मेदारियों का निर्धारण, जनसंपर्क अभियान, गांव-गांव जनसंवाद, पोस्टर-पंपलेट वितरण एवं मीडिया समन्वय जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस बैठक में सुकमा ब्लॉक अध्यक्ष शेख अब्दुल बसीर, कोण्टा ब्लॉक संगठन मंत्री शेख मीर मुत्ता ताती कोण्टा ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कड़ती, शहीद अहमद, शेख इरफान, किरण सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसके साथ ही जिला बॉडी से सुकमा जिला महासचिव सुमित वैश, जिला उपाध्यक्ष साहदेव कश्यप, गुड्डू कश्यप, बामन मुचाकी, देवा मुचाकी, हुंगा पोडियामी, गंगा कवासी, हिड़मा कवासी, लच्छू मरकाम, रब्बा कवासी, महेंद्र कवासी एवं अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अंचलों की समस्याओं, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की बदहाली, बेरोजगारी को लेकर यात्रा

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह पद यात्रा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता के अधिकारों, आदिवासी अंचलों की समस्याओं, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की बदहाली, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मजबूत जनआंदोलन होगी। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इस पद यात्रा के माध्यम से सीधे जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं को सामने लाएंगे और उन्हें केजरीवाल मॉडल ऑफ गवर्नेंस से अवगत कराएंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पद यात्रा के दौरान प्रत्येक गांव में रुककर जनसंवाद एवं बैठकें आयोजित की जाएंगी तथा अधिक से अधिक लोगों को आम आदमी पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। कोण्टा ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित यह बैठक पूर्णतः सफल रही और सभी उपस्थित साथियों ने एकजुट होकर छत्तीसगढ़ बचाओ पद यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

# सीएम की घोषणाओं के क्रियान्वयन को दें प्राथमिकता : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा




कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की स्थिति तथा मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर देवेश ध्रुव ने मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाएं आम जनता की अपेक्षाओं से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी होती हैं, अतः इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने जनहित से जुड़े मामलों में त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मानव अधिकार आयोग से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र एवं तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की हस्ताक्षरित जानकारी समय-सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, ताकि न्यायालयीन कार्यों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। बैठक में जिले में संचालित मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की भी जानकारी ली गई। साथ ही आम नागरिकों से जुड़े सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान आवारा मवेशियों एवं आवारा कुत्तों की समस्या तथा मुक्तिधाम से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने और व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त कोटपा अधिनियम के अंतर्गत जिले में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू नियंत्रण कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने, नियमित निरीक्षण करने तथा प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा पुनर्वास केन्द्रों की व्यवस्थाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

# जम्बूरी के लिए दल बालोद रवाना




**दंतेवाड़ा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की मेजबानी में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी का आयोजन 7 जनवरी से 13 जनवरी तक ग्राम दुधली बालोद में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लेने हेतु दंतेवाड़ा जिले से 66 सदस्यीय दल आज 6 जनवरी को संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा से जिला बालोद के लिए रवाना हुआ। यह रवानगी कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में हुई। दल में 32 रोवर, 26 रेंजर तथा 8 प्रभारी, सहायक, रोवर लीडर,रेंजर लीडर शामिल हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया गया। उन्होंने सभी रोवरदृरेंजरों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना एवं राष्ट्रीय एकता का विकास होता है। जिले के रोवरदृरेंजरों की इस राष्ट्रीय जम्बूरी में सहभागिता पर शिक्षा विभाग एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को सफल एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में नो-मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई जारी

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में जिले में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कुल 7694 नो-मैपिंग मतदाता चिन्हांकित किए गए हैं। 5 जनवरी तक 6023 नो-मैपिंग मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से नोटिस तामील कर दी गई है। शेष 1671 नो-मैपिंग मतदाताओं को भी बीएलओ के माध्यम से सुनवाई हेतु नोटिस तामील की कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में 5 जनवरी को जिले के 1205 मतदाताओं को आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के साथ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर सुनवाई के लिए बुलाया गया। निर्धारित तिथि को 653 मतदाता उपस्थित हुए जिनकी विधिवत सुनवाई की गई।

# गणतंत्र दिवस और बस्तर पंडुम का होगा गरिमामय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा



कलेक्टर अमित कुमार ने मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले के समस्त विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, पंचायत, आधार, निर्वाचन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर बिंदुवार चर्चा करते हुए कलेक्टर ने समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और शत-प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर, एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर कुमार ने बताया कि शनिवार से जिला अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन प्रारंभ किए जाएंगे। प्रतिदिन लगभग 40 मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने नियद नेल्ला नार ग्रामों को प्राथमिकता देते हुए मरीजों की शत-प्रतिशत मोबिलाइजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ऑपरेशन के बाद मरीजों को मुख्यालय में रहकर उपचार एवं देखरेख की व्यवस्था रहेगी।

आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए नवीन दरी उपलब्ध कराने तथा गैस कनेक्शन व नियमित रिफिलिंग की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सुपोषण अभियान के अंतर्गत टेक होम राशन एवं फर्स्ट ट्राइमेस्टर रजिस्ट्रेशन की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, समय पर एएनसी रजिस्ट्रेशन, दस्तावेजों का संधारण तथा गर्भवती महिलाओं को शासन की योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता एवं पौष्टिक आहार प्रदाय करने के निर्देश दिए। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में भर्ती माताओं को गर्म भोजन के साथ प्रतिदिन नाश्ता तथा दोपहर के भोजन में अंडा उपलब्ध कराने, साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा बेडशीट पर दिनवार नाम अंकित करने के निर्देश दिए गए।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**मारकेल, जिला बस्तर, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202508150100002/अ-20(3)/2024-2025 ग्राम नगरनार

// उद्घोषणा //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कार्यपालन अभियंता (संचा०/संधा०), छ.ग. स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन क्रं० लिमि० जगदलपुर द्वारा ग्राम नगरनार तहसील जगदलपुर स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 1850 रकबा 5.580 हे. में से 0.40 हे. भूमि आर.डी.एस.एस. योजना के तहत प्रस्तावित 33/11 के.व्ही., नवीन विद्युत उपकेन्द्र निर्माण हेतु आबंटन बाबत आवेदन पत्र नक्शा खसरा निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किये जाने पर इस न्यायालय में जांच हेतु प्राप्त हुआ हैं।

उपरोक्तानुसार भूमि राजस्व पुस्तक परिपत्र में नियत प्रावधान आबंटन/हस्तांतरण करने पर किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में पेशी तिथि 31/12/2025 के पूर्व इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार की सुनवाई नही की जावेगी।

**नायब तहसीलदार**
**जगदलपुर**

**द्वारा कार्यपालन अभियंता (सं. सं.) संभाग**
**छ. स्टे. पॉ. डि. कं. लिमि., जगदलपुर**

**नाम परिवर्तन**

मैं अजय प्रताप सिंग चौहान आत्मज स्व.विनोद कुमार सिंग चौहान आधार क्रं. 4555 5660 4560 निवासी श्रीधर काम्पलेक्स मेनरोड सदर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. का शपथपूर्वक निम्नलिखित व्यक्त करता हूं-

(1) यह कि मेरा ड्रायविंग लायसेंस क्रमांक CG- 17 20050004043- लघु नाम में अजय पी.एस. चौहान आत्मज V.K.S. चौहान के नाम से है जो कि दिनांक 28-12-2025 तक है।

(2) यह कि आधार कार्ड में मेरा पूरा नाम अजय प्रताप सिंग चौहान आत्मज स्व. विनोद कुमार सिंग चौहान दर्ज है। AJAY P.S. CHAUHAN S/O V.K.S. CHAUHAN तथा AJAY PRATAP SINGH CHAUHAN S/O VINOD KUMAR SINGH CHAUHAN यह दोनों नाम मुझ एक ही व्यक्ति के अर्थात् मेरे हैं।

**शपथकर्ता**

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2024-25
तोकापाल दिनांक, 05/01/2026

– उद्घोषणा –

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुन्ना मण्डावी पिता स्व. चैतु मण्डावी जाति माड़िया निवासी ग्राम नैननार तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने माता मासो पति बुदरू मृत्यु तिथि 05/10/1990 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत नैननार के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 20/01/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 05/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 20/01/2026

मुहर

**तहसीलदार**
**तोकापाल**

**खबर संक्षेप**

## तलवार व बण्डा के साथ लोगों को डरा धमका रहे दो आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर।** सार्वजनिक स्थलों में धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने व धमकाने वाले दो आरोपियों को नगरनार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से हथियार बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर पेट्रोलिंग पार्टी को रवाना किया गया था। टीम द्वारा ग्राम मारकेल स्कुल के पास आरोपी नरेश बघेल पिता लखीराम बघेल के द्वारा मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि आरोपी धारदार तलवारनुमा हथियार लहराकर लोगो को डरा धमकाकर भयभीत कर उपद्रव कर गांव का माहौल खराब कर रहा था जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी के कब्जे से धारदार तलवारनुमा हथियार को बरामद कर जब्त किया गया।

### वनमंत्री ने किया 24 करोड़ 53 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# हर गांव तक विकास पहुंचाना सरकार का संकल्प : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- क्षेत्रवासियों को दी बड़ी सौगात

वनमंत्री केदार कश्यप आज नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने मदापाल क्षेत्र में जल संसाधन विभाग का स्टॉप डैम निर्माण, लोक निर्माण विभाग का मुख्य मार्गों का डामरीकरण, स्वास्थ्य विभाग का उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण तथा वन विभाग का देवगुड़ी संरक्षण एवं निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। साथ ही छात्र-छात्राओं को सायकल वितरण भी किया।

गोंदियापाल में 313.39 लाख की लागत के विकास कार्य प्रस्तावित सड़क निर्माण (पुल-पुलिया सहित), मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत पुलिया निर्माण, बस्तर विकास प्राधिकरण द्वारा सी.सी. सड़क निर्माण तथा सामुदायिक भवन कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। मंत्री केदार ने बड़ेआमाबाल एवं तारागांव में पुलिया निर्माण, 3.70 किमी सड़क (पुल-पुलिया सहित), सी.सी. सड़क, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, तथा मुक्तिधाम, प्रतिक्षालय शेड, जलाशय बांध पर गेट, स्पिलवे, नहर लाइनिंग एवं स्ट्रक्चर निर्माण, सी.सी. सड़क निर्माण, सोलर हाई मास्ट स्थापना तथा महातारी सदन लोकार्पण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

जन सभा को सम्बोधित करते हुए केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर विकास के पथ पर अग्रसर है। सरकार ने बस्तर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सहकारिता के क्षेत्र में कार्य चल रहा है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने बस्तर में 15,000 प्रधानमंत्री आवास, 45 नए आंगनबाड़ी केंद्र, पीएससी भवन, महतारी सदन और नए स्वास्थ्य केंद्रों की मंजूरी दी है, जिससे गांव-गांव तक सुविधाएं पहुंच रही हैं। बस्तर के युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए होटल मैनेजमेंट, फूड प्रोसेसिंग और डिजिटल मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दे रही है ।







### हर वर्ग के उत्थान के लिए सरकार संकल्पित

वन मंत्री ने कहा कि किसान हो मजदूर हो या महिला वर्ग हर वर्ग को सरकार की योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा गरीबों और वंचितों के उत्थान को प्राथमिकता दी है। पांच-छह वर्ष पहले की स्थिति को देखें तो प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को घर मिलने की उम्मीद थी, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इस योजना को रोककर रखा। इससे गरीबों को उनके अधिकार से वंचित किया गया। आज भाजपा सरकार और हमारे देश के प्रधानमंत्री ने यह संकल्प लिया है कि हर गरीब को उसका घर मिले और उसका सपना साकार हो।

### महिलाएं हो रही आर्थिक रूप से सशक्त

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में गरीबों और महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं लागू की जा रही हैं। हाल ही में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को आर्थिक सहयोग देने की पहल की गई है। यह स्पष्ट है कि भाजपा सरकार गरीबों के घर बनाने से लेकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने तक हर क्षेत्र में काम कर रही है। यही संकल्प है गरीब, किसान, मजदूर और महिला वर्ग को सम्मानजनक जीवन देना और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना।

### पंचायतों में विकास कार्यों की बढ़ती गति

छोटे-छोटे गांवों और पंचायतों में विकास कार्यों की गति लगातार आगे बढ़ रही है। इन सबके साथ-साथ शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को साइकिल वितरण भी किया गया है। बेटियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया है ताकि वे आगे बढ़ें और समाज में अपनी भूमिका निभा सकें। इन सभी कार्यों से क्षेत्र में अधोसंरचना, शिक्षा और सामाजिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

# बच्ची की मौत के बाद जांच कमेटी मोखपाल आश्रम पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

- चिरायु टीम की जांच में 14 बच्चे मलेरिया पॉजिटिव

फॉलोअप

दंतेवाड़ा जिले के मोखपाल कन्या आवासीय पोटाकेबिन में अध्ययनरत 9 वर्षीय छात्रा नम्रता कश्यप की मौत के बाद शिक्षा विभाग ने जांच समिति टीम का गठन किया है जो आज आश्रम पहुंची। समिति ने आश्रम की व्यवस्था, उपचार में हुई लापरवाही और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की। जांच दल द्वारा तैयार प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा जाएगा। जिसके आधार पर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जा सकती है। सूत्रों के अनुसार आश्रम अधीक्षिका अनुपमा कोवासी पर निलंबन की भी कार्रवाई संभव है।

गौरतलब है कि छात्रा नम्रता कश्यप को 30 दिसंबर को शीतकालीन अवकाश के बाद परिजनों ने स्वस्थ अवस्था में आश्रम छोड़ा था। इसके बाद आश्रम में ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। स्थिति गंभीर होने पर पहले उसे गुडरा अस्पताल, फिर कुआकोंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल दंतेवाड़ा रेफर किया गया। जहां 5 जनवरी की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले के बाद परिजनों ने आश्रम प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दंतेवाड़ा थाने में अधीक्षिका के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने आवेदन दिया है। इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**झूले से गिरने की आशंका, एक और छात्रा घायल :** सूत्रों के मुताबिक नम्रता आश्रम परिसर में अन्य बच्चों के साथ झूला झूल रही थी, इसी दौरान झूले से टकराने के कारण उसके पैर और सीने में गंभीर चोट आई। इस घटना में शीला नामक एक अन्य छात्रा के सिर में भी गंभीर चोट आई, जिसके बाद उसके सिर पर तीन टांके लगाए गए हैं।







### जांच टीम ने किया स्थल निरीक्षण

जिला स्तरीय जांच टीम की अध्यक्ष सहायक संचालक अहिल्या ठाकुर, कुआकोंडा बीईओ प्रमोद भदौरिया, बीआरसी रतू राणा एवं कटेकल्याण एबीओ रावटे मौके पर पहुंचे। टीम ने सभी बिंदुओं पर जाँच कर प्रतिवेदन तैयार किया है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जनपद अध्यक्ष पहुंचे आश्रम

इस दौरान कटेकल्याण जनपद अध्यक्ष हिरमा कोवासी भी आश्रम पहुंचे। उन्होंने आश्रम की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और कहा कि पहले दंतेवाड़ा जिले के छात्रों को प्राथमिकता दी जाए, सीट रिक्त रहने पर ही अन्य जिलों के छात्रों को प्रवेश दिया जाए। साथ ही मलेरिया पॉजिटिव पाए गए बच्चों के समुचित इलाज के निर्देश दिए।

### 500 बच्चों के पोटाकेबिन में एक भी स्वास्थ्यकर्मी नहीं

नम्रता की मौत के बाद आश्रम में चिरायु स्वास्थ्य टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। 275 बच्चों की जांच में 14 बच्चे मलेरिया पॉजिटिव पाए गए हैं, जबकि शेष बच्चों की जांच अभी जारी है। चिंताजनक तथ्य यह है कि लगभग 500 बच्चों की क्षमता वाले मोखपाल पोटाकेबिन में एक भी स्वास्थ्यकर्मी नियुक्त नहीं है। समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं होने से बच्चों की सेहत पर गंभीर खतरा बना हुआ है।

# विशाल इमली पेड़ से फैक्ट्री की चिमनी की तरह निकलती आग देखकर घबराए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

- घर से लगे पेड़ में आग की खबर के बाद पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने पाया काबू
- दरभा थाना क्षेत्र के लेण्ड्रा पंचायत का मामला, टला हादसा

दरभा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लेण्ड्रा में मंगलवार सुबह विशाल ईमली के पेड़ के उपरी तने से आग की लपट निकलते देख ग्रामीण दहशत में आ गए। आग बढ़ता ही जा रहा था तथा आसपास घर होने से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी खबर दरभा थाना में दी जिसके बाद मौके पर पहुंची दरभा पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने आग पर काबू पाया।

जानकारी के मुताबिक लेंड्रा ग्राम पंचायत के कांडकीगुडा पारा निवासी राजू बोटी के घर बाड़ा में लगे विशाल इमली के पेड़ के उपरी तने से आग की लपट निकलते देख ग्रामीण दहशत में आ गए। बताया जा रहा है कि रात में किसी समय किसी अज्ञात शख्स ने पेड़ के नीचे आग लगा दिया था। पेड़ का तना अदंर से खोखला होने से रात भर में आग बढ़ते हुए पेड़ के उपरी सतह तक पहुंच गई और धूं धूं कर जलने लगी। आस पास घर होने से ग्रामीण घबरा गए अगर पेड़ गिरता तो आस पास के घरों को भी चपेट में ले लेता। इसकी सूचना तत्काल दरभा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही दरभा टीआई चाणक्य नाग एसआई द्वारिका प्रसाद मिश्रा, प्रधान आरक्षक यशवंत नरेटी आरक्षक पूनम ठाकुर, अतुल कुमार व लेखन कश्यप मौके पर पहुंचे और बढ़ते हुए आग को देखकर इसकी सूचना एसडीआरएफ को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल टीम ने घटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।





# जगार उत्सव में शामिल हुए विधायक किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के ग्राम एकटागुड़ा में सिद्ध शक्तिपीठ माता हिंग्लाजिंन मंदिर में आयोजित जगार उत्सव मेला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल होकर पूजा अर्चना की। उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। 31 दिसंबर से 8 जनवरी तक आयोजित जगार उत्सव मेला में पहुंचे किरण देव का ग्रामवासियों ने पारंपरिक रूप से स्वागत किया। उन्होंने कहा माता हिंगलाज जिन की कृपा सभी पर बने रहें। बस्तर की कला, संस्कृति, मेला, मंडई व परंपरा की अपनी अलग पहचान है। इस दौरान रामाश्रय सिंह, मंदिर पुजारी जयराम विश्वकर्मा, मुन्ना लाल विश्वकर्मा, सुखनाथ व अन्य उपस्थित थे।

# गांवों की तस्वीर व तकदीर बदलेगा विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी देगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आयोजित पत्रवार्ता में कही।

श्री देव ने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाते हुये कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी, जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। इससे मजदूरों को न्याय मिलेगा और भुगतान में देरी जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन पर कार्य प्रारंभ होगा, जिससे बस्तर कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

पत्रवार्ता में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय, पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याशरण तिवारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, भाजपा जिला महामंत्री परीस राम बेसरा, जिला उपाध्यक्ष आर्येन्द्र आर्य, नरसिंह राव, रामाश्रय सिंह, भाजपा पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, सुरेश गुप्ता, मनोहर तिवारी, रोहित त्रिवेदी, आलोक अवस्थी, कृष्ण कुमार शुक्ला, सुरेश मिश्रा, विपिन मालवीय, दिगम्बर राव, विक्रम सिंह यादव, बृजेश शर्मा आदि शामिल रहे।



### अधिनियम से ग्रामीण पलायन रुकेगा

श्री देव ने कहा कि खेती-किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियां प्रभावित न हों। इससे ग्रामीण पलायन भी रुकेगा और कृषि उत्पादन को स्थिरता मिलेगी। मनरेगा में पहले फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के उपयोग और धांधली की शिकायतें मिलती थीं, जिन्हें यह नया अधिनियम स्वतः समाप्त करेगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को सीधे लाभ मिलेगा। यह अधिनियम ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा। अधिनियम के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाएगा जिसमें जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन। जल संरक्षण, नदी-नालों के सुधार, कटाव रोकने तथा सिंचाई संरचनाओं के विकास जैसे कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे।

### गतिविधियों को मिलेगी मजबूती

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीण स्तर पर रोजगार एवं सतत आय के नए अवसर सृजित होंगे और पीएम गति शक्ति जैसी राष्ट्रीय योजनाओं को भी इससे बल मिलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि यह अधिनियम गांवों में टिकाऊ विकास, स्थायी रोजगार और समृद्धि का नया अध्याय लिखेगा।

# ग्रामीणों ने कहा बिचौलियों को बेचते हैं वनोपज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- गांव के युवा करें संग्रह और बड़े बाजारों में बेचकर कमाएं मुनाफा : शर्मा
- सुकमा जिले के पंचायत प्रतिनिधियों से उपमुख्यमंत्री ने की मुलाकात

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त करने रायपुर पहुंचे सुकमा जिले के 75 ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों के दल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनके ग्रामों के विकास पर विस्तृत चर्चा की। दल में सरपंच, उपसरपंच, पंच शामिल थे। सभी ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखी। सभी से मुलाकात कर उन्होंने उनके ग्रामों की समस्याओं को जाना।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने चर्चा में वनोपज के संग्रहण एवं विपणन के संबंध में जानकारी ली। बताया कि स्थानीय बिचौलियों को अपने वनोपज का विक्रय करते हैं, जिसपर उपमुख्यमंत्री ने उन्हें वनोपज का ग्राम के युवाओं द्वारा संग्रहण करा कर शासन के माध्यम से बड़े बाजारों तक पहुंचाते हुए अपने वनोत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने वनोपजों के स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण कराकर उनका मूल्यवर्धन करने की सलाह दी। इसके लिए सभी ग्रामों के 10-10 लोगों को हैदराबाद जैसे बड़े बाजारों में शैक्षणिक भ्रमण कराकर उन्हें प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के लाभों से अवगत कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों से गांवों में शांति बहाल होने के साथ ही विकास के तीव्र गति से चलाने और इलवद पंचायत योजना का लाभ लेने को प्रेरित किया। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने ग्रामों की समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने उन्हें जल्द से जल्द निराकरण हेतु आश्वश्त किया। उन्होंने ग्रामों में बिहान योजना, बैंकिंग सुविधा, सड़क, बस्तर ओलंपिक, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधा पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर पंचायत विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह उपस्थित थीं।








